BCM School Basant Avenue Dugri Ludhiana

Class- 5

Subject- Hindi

कार्य पत्रक- 4 (पाठ 8,9 और विशेषण)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बहुत पुरानी बात है। सुंदर गाँव में साधु सिंह और शैतान सिंह नाम के दो भाई रहा करते थे। साधु सिंह छोटा था वह खूब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति था ।वह गाँव वालों का आदर किया करता था ।इस वजह से गाँव वाले उसे खूब प्यार करते थे जबकि उसका बड़ा भाई शैतान सिंह बेईमान और दुष्ट व्यक्ति था। शैतान सिंह किसी का आदर नहीं करता था। उनके पिता अनाज का धंधा करते थे। पिता के देहांत के समय वे दोनों छोटे थे और मिलजुल कर रहते थे ।वह बड़े हुए तो शैतान सिंह के मन में बेईमानी आ गई। उसने पिता की दुकान पर लड़-झगड़ कर कब्जा जमा लिया लेकिन फिर भी साधु सिंह बहुत खुश था।

1) साधु सिंह कैसा व्यक्ति था?
    परिश्रमी और ईमानदार
2) उनके पिता क्या काम करते थे?
    अनाज का धंधा
3) (ईमानदार) शब्द का विलोम है-
    बेईमान
4) वर्ण विच्छेद- आदर-आ+द्+अ+र्+अ
5) अनुस्वार वाले दो शब्द लिखो-
    देहांत, सुंदर

2.) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-

1. कभी न डरना कविता के कवि का नाम लिखो?
    श्री प्रसाद
2. किस ऋतु की विदाई पर आदिवासी लोग विचित्र उत्सव मनाते थे?
    शीत ऋतु की विदाई पर
3. आदिवासी लोगों के गाँव का क्या नाम था?
    हतिया गाँव
4. गाँव वालों का एकमात्र शत्रु कौन था?
    बाघ

3.) पर्यायवाची शब्द लिखिए -

1.राह-रास्ता , मार्ग

2. रात-रात्रि , निशा

4.) शब्दों के तत्सम रूप लिखिए-

1. दूध -दुग्ध
2. गाँव-ग्राम

5.) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेष्य शब्दों को रेखांकित करो-

1. रोहन ने लाल (कमीज़) पहनी है।
2. पेड़ पर मीठे(आम) लगे हैं।
3. मेरे पास चार (कारें) हैं।

6.) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर भेद लिखो-

1. इस डिब्बे में चीनी है। (इस -सार्वनामिक विशेषण)
2. बाज़ार से थोड़ा दूध ले आओ। (थोड़ा- परिमाणवाचक विशेषण)

3. कुछ बच्चे खेल रहे हैं।(कुछ -संख्या वाचक विशेषण)
4. डरपोक सिपाही भाग गया। (डरपोक- गुणवाचक विशेषण)